Hindi Monologue Script For Male | ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी

पूर्वाभास:

आज हम आपसे जो स्क्रिप्ट शेयर करने वाले है वो आपको बहुत ही पसंद आएगी Hindi Monologue Script For Male, क्यों की यहापर जो character आपको देखने मिलेगा वो एक गाव मे रहने वाला व्यक्ति है |यह व्यक्ति सुबह सुबह उठकर गाव के ही एक दुकान मे जाता है |वहासे कुछ समान खरीदता है और दुकानदार से बाते करता है |**अब आगे.....**

पात्र:

किसान (गाव मे रहने वाला आदमी , उम्र 30-40 साल)

समय:

1 मिनट 20 सेकंद

Hindi Monologue Script For Male For Audition| मोनोलॉग स्क्रिप्ट फॉर ऑडिशन

राम राम बाबू सेठ कैसे है ? हम भी बहुत बढ़िया है। अरे नहीं सुबह सुबह वैसे तो हम उठते ही लेट है पर आज हमारी बीवी ने जबरदस्ती जगाया। वो क्या है ना हमारे घर का राशन ख़तम हो गया है । सुबह सुबह चाय बनाने के लिए भी शक्कर नहीं थी |
अरे भाई बीवी से डरना तो पड़ेगा ही, एक बार माँ समझ सकती है पर बीवी कभी नहीं । कुछ और दिन सबर करो, तुम्हे भी पता चलेगा।

वैसे आलू कैसे दिये ? अरे आलू है तो हाथ से हि देगा ना की बंदर के जैसे पैर से उठाकर देगा। लगता है अभी तक रामलीला का असर ख़तम नहीं हुवा है। एक किलो आलू देना, एक किलो शक्कर, छोटा चायपत्ति और तुवर का डाल ।

नहीं नहीं बस हुवा, वैसे भी पिछले महीने का उधार भी चुकाना है। कितना हुवा ? 150 ? इतनेसे समान का 150 ? क्या महंगाई बढ़ गयी है ! नहीं नहीं सेठ इसमें आप भी क्या कर सकते है ? अगर कुछ कर सकती है तो वो सरकार है ना, लेकिन वो तो अपनी जेब भरने के पीछे पड़ी है । अब आप हि बोलो हर दिन गरीबों का नाम लेकर कितना कुछ करते रहते है पर गरीब आज भी गरीब हि है।

आपको कल की हि बात बताते है , सरकार ने किसानो के लिए जो खेती के आवजार दिये थे वो तो हम तक पहुंचे हि नहीं । कल हमने पंचायत मे पूछताछ की तो बोला तुम्हारा तो नाम हि नहीं है । ये क्या बात हुयी ? बरसों से खेती करनेवालों नाम आपकि लिस्ट मे नहीं है पर सरकारी नौकरी करने वाले रामलाल का नाम है। वो तो खेती भी नहीं करता पर पंचायत मे आनेवली सभी योजना का फायदा उसे मिलता है ।

हम तो कहते है कितना भी कुछ हो अपने इधर के लोग नहीं सुधरेंगे । अमीर और अमीर होता जायगा और गरीब और भी गरीब । छोड़ो हम बोलकर और क्या नया होनेवाला है ? ये लीजिए अभी 100 रखलो 50 खाते मे लिखले ना । अगले महीने फसल बेचकर सबसे पहले आपका उधार चुका देंगे। ठीक है चलते है ।